# कोर मुख्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**महाप्रबन्धक कोर द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की दिलाई गई शपथ**

**जनसंदेश न्यूज**



अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते कोर महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** भारतीय संविधान को दिनांक 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत करने के उपलक्ष्य में मंगलवार को कोर मुख्यालय इलाहाबाद में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 11 बजे महाप्रबन्धक कोर द्वारा संविधान की उद्देशिका की सपथ दिलाई गई। महाप्रबन्धक महोदय की अध्यक्षता में ही कोर कार्यालय के पंचशील प्रेक्षागृह में अधिकारियों के मध्य बैठक का आयोजन किया गया तथा आरोही प्रेक्षागृह में समय 16.30 बजे उद्देशिका भारतीय संविधान की आत्मा विषय पर संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आलोक गुप्ता. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अरुण कुमार वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, वी.के. वर्मा प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता कमलेश शुक्ला, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक डी.के. गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार श्रीमती प्रमिला सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन इस्तिखार अहमद खान वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी के द्वारा किया गया।

जनसंदेश टाइम्स

हिन्दुस्तान

# रेलवे सालभर चलाएगा जागरूकता अभियान

**प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता**

**संविधान दिवस**

- रेलवे विद्युतीकरण और इलाहाबाद मंडल में आयोजन
- सूबेदारगंज मुख्यालय में पांच सूत्रीय योजना तैयार की गई

उत्तर मध्य रेलवे पूरे साल यात्रियों को संविधान के प्रति जागरूक करेगा। इसके लिए अभियान चलाने को उत्तर मध्य रेलवे ने पांच सूत्रीय योजना तैयार की है। सूबेदारगंज स्थित मुख्यालय में मंगलवार को संविधान की 70वीं सालगिरह पर यह घोषणा की गई।

अभियान के तहत संविधान से संबंधित बैनर, पोस्टर, स्टैंडी, फ्लायर्स से स्टेशन और ट्रेनों में प्रचार होगा। नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों पर केंद्रित, संविधान की थीम पर रैलियां, वाक, दौड़, का आयोजन, संविधान पर वार्ता, सम्मेलन, प्रश्नोत्तरी वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ ट्रेनों में मौलिक कर्तव्यों वाले स्टीकर लगाए जाएंगे। अपर महाप्रबंधक अरुण मलिक ने अधिकारी और कर्मचारियों के ... संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

इलाहाबाद रेल मंडल में डीआरएम अमिताभ ने अधिकारी और कर्मचारियों के साथ संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) का पाठ किया। डीआरएम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पाठ के बाद इलाहाबाद जंक्शन के सिटी साइड पर यात्री हाल में नुक्कड़ नाटक 11 मौलिक कर्तव्यों को बताया गया। सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन मुख्यालय में भी संविधान की उद्देशिका

# कोर मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया गया



प्रयागराज। भारतीय संविधान के उपलक्ष्य में मंगलवार को कोर मुख्यालय, इलाहाबाद में संविधान दिवस मनाया गया । जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबन्धक कोर द्वारा संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई। महाप्रबन्धक की अध्यक्षता में ही कोर कार्यालय के पंचशील प्रेक्षागृह में अधिकारियों के मध्य बैठक का आयोजन किया गया तथा आरोही प्रेक्षागृह में उद्देशिका भारतीय संविधान की आत्मा' विषय पर संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में आलोक गुप्ता-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अरुण कुमार, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, वी.के.वर्मा, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, कमलेश शुक्ला-प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, डी.के. गुप्ता-प्रमुख वित्त सलाहकार, प्रमिला सिंह- प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री इस्तिखार अहमद खान, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी के द्वारा किया गया।

nyaydhish@gmail.com, nyaydhish@yahoo.com

न्यायाधीश

उधर, कोर मुख्यालय में भी इलाहाबाद में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबन्धक ने संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलायी। इसके अलावा कोर कार्यालय के पंचशील प्रेक्षागृह में अधिकारियों के मध्य बैठक का आयोजन किया गया तथा आरोही प्रेक्षागृह में शाम को उद्देशिका भारतीय संविधान की आत्मा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर संविधान के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की गयी।

सहारा दि० 27-11-19

भारत संवाद
हिन्दी दैनिक

www.bharatsamvad.online प्रयागराज
शनिवार, 16 नवम्बर 2019 3

# कोर में बाल दिवस के अवसर पर 'स्वस्थ बेबी शिविर' का आयोजन

भारत संवाद संवाददाता

प्रयागराज। रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन/ कोर/ इलाहाबाद द्वारा दिनांक 14.11.2019 को बाल दिवस के अवसर पर रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब सिविल लाइन / इलाहाबाद में कर्मचारियों के 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती रचना सिंह, की अध्यक्षता में 'स्वस्थ बेबी शिविर' का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर मध्य रेलवे चिकित्सालय इलाहाबाद के चिकित्सकों द्वारा बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया और माननीय अध्यक्षा, रीवो द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर माननीय अध्यक्षा, रीवो, कोर सहित सचिव- श्रीमती अमिता प्रकाश, कोषाध्यक्षा- श्रीमती सविता गुप्ता, संयुक्त सचिव- श्रीमती माधुरी शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्षा- श्रीमती दीप्ती श्रीवास्तव सहित संगठन की अन्य सभी सदस्याएं उपस्थित थी।



हिन्दुस्तान 07
प्रयागराज • शुक्रवार • 15 नवंबर 2019



रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन की ओर से आयोजित शिविर में डॉ. श्वेता सिंह ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद उन्हें पुरस्कृत किया।

लखनऊ। शनिवार • 16 नवम्बर • 2019
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

# बाल दिवस पर बेबी शिविर



स्वस्थ बेबी शिविर के दौरान बच्ची को गिफ्ट देतीं रचना सिंह। फोटो : एसएनबी

**प्रयागराज।** रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन (कोर) की ओर से बाल दिवस के मौके पर रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब सिविल लाइन में कर्मचारियों के पांच साल तक के बच्चों के लिए स्वस्थ बेबी शिविर का आयोजन किया गया। रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रचना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में उत्तर मध्य रेलवे चिकित्सालय के चिकित्सकों ने बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस मौके पर रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रचना सिंह के अलावा सचिव अमिता प्रकाश, कोषाध्यक्ष सविता गुप्ता, संयुक्त सचिव माधुरी शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष दीप्ती श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

**रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन**

प्रयागराज, 15 नवंबर 2019 दैनिक जागरण 9

## स्वस्थ बेबी शिविर में बच्चों की सेहत परखी

वि. प्रयागराज : मधुमेह दिवस और बाल दिवस पर रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन कार्यालय में स्वस्थ बेबी शिविर लगाया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शारदा प्रसाद के निर्देशन में डॉ. श्वेता सिंह ने बच्चों के सेहत की जांच की। उन्होंने मधुमेह के कारण और बचाव की जानकारी दी।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 4 नवंबर 2019

5

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद यादव ने किया कोर का दौरा

प्रयागराज। रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव एवं रेलवे बोर्ड के सदस्य कर्षण राजेश तिवारी ने महाप्रबन्धक कार्यालय, केंद्रीय रेल विधुतीकरण संगठन का दौरा किया। महाप्रबन्धक कोर यशपाल सिंह ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं सदस्य कर्षण का स्वागत किया। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव ने कोर के विद्युतीकरण कार्यों की प्रशंसा की और परियोजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड वी के यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं की समीक्षा भी की। उन्होंने टेंडरों के शीघ्र निस्तारण का भी निर्देश दिया। इसके पहले राजेश तिवारी सदस्य कर्षण रेलवे बोर्ड ने विभिन्न कार्यों की विस्तृत सम्रीक्षा की। महाप्रबन्धक कोर यशपाल सिंह ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड और सदस्य कर्षण को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सीपीआरओ एस के मिश्रा, पीआरओ अनूप मिश्रा आदि रहे।

समय से पहले समय पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज, रविवार, 03 नवम्बर 2019



# अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं सदस्य कर्षण, रेलवे बोर्ड,ने कोर का दौरा किया

प्रयागराज।वी.के.यादव, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, एवं श्री राजेश तिवारी, सदस्य कर्षण, रेलवे बोर्ड, ने शनिवार को महाप्रबन्धक कार्यालय, केंद्रीय रेल विधुतीकरण संगठन, इलाहाबाद का दौरा किया । कोर महाप्रबन्धक श्री यशपाल सिंह, ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं सदस्य कर्षण का स्वागत किया। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, ने कोर के विद्युतीकरण कार्यों की प्रशंसा की और परियोजनाओं को योजना बद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया । अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, ने कोर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं की समीक्षा भी की । उन्होने टेंडरों के शीघ्र निस्तारण का भी निर्देश दिया। इसके पहले श्री राजेश तिवारी, सदस्य कर्षण रेलवे बोर्ड ने विभिनन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। महाप्रबन्धक/ श्री यशपाल सिंह, ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, और सदस्य कर्षण को धन्यवाद व्यक्त किया ।

समय से पहले समय पर नज़र
न्यायाधीश प्रयागराज, रविवार, 03 नवम्बर 2019 3

# नई दिल्ली- हावड़ा मार्ग के उन्नयन का काम प्राथमिकता पर क्रियांन्वित किया जाए:अध्यक्ष रेलवे बोर्ड

## अध्यक्ष रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में की समीक्षा बैठक




प्रयागराज।शनिवार को अध्यक्ष रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव ने अपने प्रयागराज आगमन के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी ने विनोद कुमार यादर्व, राजेश तिवारी सदस्य ट्रैक्शन रेलवे बोर्ड और महाप्रबंधक केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन का स्वागत किया। समीक्षा बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद अमिताभ और उत्तर मध्य रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रारंभ में उत्तर मध्य रेलवे के प्रदर्शन, आय और व्यय, आधारभूत संरचना के विकास, नवाचार और रेलवे बोर्ड से वांछित सहायता के संबंध में पावरप्वाइंट प्रस्तुतिकरण किया गया।

अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने उत्तर मध्य रेलवे को वर्तमान वर्ष 2019-20 में सर्वकालिक उत्कृष्ट समयपालनता हासिल करने के लिए बधाई दी, जो कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-सितंबर 2019 की अवधि में 11 प्रतिशत अधिक है। प्रस्तुतिकरण में महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किए गए कई इनोवेशनों जैसे हॉट बॉक्स डिटेक्टर और हैंगिंग पार्ट डिटेक्शन सिस्टम समाधान है। प्रेजेंटेशन के दौरान रनिंग रूमों की स्थिति, कर्मचारियों की शिकायत निवारण आदि के लिए की गई कई पहलों के विषय में भी जानकारी दी गई। प्रस्तुतिकरण के दौरान अध्यक्ष ने बल देकर कहा कि नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग के 160 किलोमीटर प्रति घंटे के उनन्यन का काम जो पहले से ही प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत है उसे प्राथमिकता पर क्रियांवित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस स्वीकृत कार्य के तहत रेल मार्ग के बगल के बाउंड्री वॉल कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर किए जाने की आवश्यकता है, इससे कैटल रन ओवर की घटनाओं में कमी आएगी , ज्ञात हो कि, कैटल रन ओवर ही उत्तर मध्य रेलवे में समय पालनता को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक है। बाउंड्री वॉल के बनने से जहां मवेशियों का नुकसान बचेगा वहीं समयपालनता भी सुधरेगी। प्रस्तुतिकरण में सौर ऊर्जा के उपयोग के बारे में भी बताया गया, अवगत कराना है कि, उत्तर मध्य रेलवे अपने क्षेत्र में 9.8 मेगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ सौर ऊर्जा उपयोग में सबसे अग्रणी ज़ोनल रेलवे है और 2.8 मेगावॉट के चल रहे नए काम पर्यावरण के अनुकूल बने रहने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते था। अध्यक्ष महोदय ने यात्रियों से फर्स्ट हैड प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए अधिकारियों को अधिक बार यात्रा करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक महोदय ने ट्रेनों और स्टेशनों में उत्तर मध्य रेलवे पर मशीनीकृत सफाई संबंधी प्रयासों से अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया। कुल 21 स्टेशनों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग व्यवस्था लागू है और 200 ट्रेनों को क्लीन ट्रेन स्टेशन (एऊए) के तहत साफ किया जाता है, जबकि उत्तर मध्य रेलवे की 22 ट्रेनें ऑनबोर्ड सफाई की जरूरतों के लिए ध्एए के अंतर्गत लाई गई है। ई-ऑफिस, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली, उत्तर मध्य रेलवे में लागू किए गए विभिनन्न वेब एप्लीकेशनों आदि सूचना तकनीक संबंधी प्रयासों की भी समीक्षा की गई।

प्रस्तुतिकरण के उपरांत 'गप्पू भैया' नामक एक एनीमेशन आधारित वीडियो स्पॉट का भी अध्यक्ष वी के यादव, सदस्य ट्रैक्शन रेलवे बोर्ड राजेश तिवारी, महाप्रबंधक राजीव चौधरी एवं महाप्रबंधक कोर के साथ-साथ उत्तर मध्य रेलवे के अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा लॉन्च किया गया। रेलवे के वर्तमान संरक्षा विषयों को समाहित करने वाला यह एनीमेशन आधारित जागरूकता वीडियो लोगों को रेल

### तेजस की तर्ज पर चलने वाली निजी क्षेत्र की ट्रेनों का किराया होगा अधिक, निजी क्षेत्र करेगा मदद

# रनिंग ट्रेनें व रेलवे का ढांचा निजी हाथों में नहीं जाएगा

**सीआरबी बोले**

**प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता**

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने कहा कि कोई भी रनिंग ट्रेन या रेलवे का कोई ढांचा निजी क्षेत्र में नहीं जाएगा। यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए निजी क्षेत्र की बस मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे का ढांचा दुरुस्त होने के बाद हावड़ा-दिल्ली रूट पर ट्रेनें 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी। यह जरूर है कि सुविधा अधिक होगी तो किराया भी बढ़ेगा।

सूबेदारगंज स्थित उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि ट्रैक पर सामान्य गाड़ियां भी चलाई जाएंगी ताकि सभी यात्रियों पर अधिक किराये का बोझ न बढ़े। इसके लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के पूरी तरह चालू होने तक इंतजार करना होगा। कॉरिडोर चालू होने के बाद मालगाड़ियां हावड़ा-नई दिल्ली रूट के ट्रैक से हटेंगी। इससे ट्रैक खाली होगा तो नई ट्रेनें चलाई जा सकेंगी। इस वक्त बहुत अधिक ट्रेनें चलने से नई ट्रेने चलाना मुश्किल है।

चेयरमैन ने स्पष्ट कहा कि ट्रैक खाली होने पर ही तेजस की तर्ज पर निजी क्षेत्र की ट्रेनें चलेंगी। तेजस जैसी ट्रेनों का किराया अधिक होगा। अभी तेजस प्रयोग के तौर पर चलाई जा रही है। कुछ वीआईपी ट्रेनों को निजी हाथों में देने की चर्चा पर विराम लगाते हुए चेयरमैन ने कहा कि एक भी रनिंग ट्रेन निजी क्षेत्र को नहीं देंगे। रेलवे का ढांचा निजी हाथों में नहीं देंगे। निजी क्षेत्र की मदद से यात्री सुविधाओं में विस्तार करेंगे। पत्रकार वार्ता में चेयरमैन के साथ एनसीआर के महाप्रबंधक राजीव चौधरी, कोर के महाप्रबंधक वाईपी सिंह, मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ व अन्य विभाग प्रमुख मौजूद रहे।

**फेंसिंग के बाद चलेंगी हाई स्पीड ट्रेनें :** ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग के बाद हाई स्पीड ट्रेनें चलेंगी। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 160 किमी प्रति घंटा की गति से ट्रेनें चलाने के लिए ट्रैक की सुरक्षा जरूरी है।

**स्टेशनों को एनसीआर में ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरूः** प्रयागराज के कुछ स्टेशनों को उत्तर मध्य रेलवे में ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने बताया कि प्रयाग, प्रयागघाट, इलाहाबाद सिटी, झूंसी को उत्तर मध्य रेलवे में शामिल करने की कवायद जटिल है। इसमें समय लगेगा। स्टेशनों को उत्तर मध्य रेलवे में ट्रांसफर के लिए उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे को चिट्ठी भेजी गई है।

**वाईफाई की मदद से देख सकेंगे मनचाहा कार्यक्रमः** यात्री ट्रेनों में वाईफाई की मदद से मनचाहा कार्यक्रम देख सकेंगे। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने बताया कि देश के 6500 स्टेशनों को वाईफाई करने के बाद निजी क्षेत्र की मदद से स्लीपर कोच के यात्रियों को भी मनचाहा कार्यक्रम देखने की सुविधा मिलेगी।




अध्यक्ष रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। • हिन्दुस्तान

## कुम्भ के साथ कॉलेज के दिन याद आए

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने यहां पढ़ाई के दिनों की याद ताजा की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने कहा कि 1976 से 1982 तक मोतीलाल नेहरू रीजनल इंजीनियरिंग कालेज (एमएनएनआईटी) से पढ़ाई की। उन्होंने कहा कि इस शहर के साथ पुराना लगाव है। इस शहर के लिए जो भी होगा करेंगे। हाल ही में कुम्भ के दौरान काफी काम हुए। भविष्य में रेलवे के और भी काम होंगे।

## वंदेभारत पर पथराव रोकने के लिए काउंसिलिंग का ले रहे सहारा

वाराणसी और नई दिल्ली के बीच चल रही सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदेभारत पर पथराव रोकने के लिए रेलवे के प्रतिनिधि काउंसिलिंग का सहारा ले रहे हैं। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने बताया कि पथराव के लिए लोगों को समझाया जा रहा है।

## रेलवे बनाएगा 5800 वि के तीन नए फ्रेट कॉरि

देश में रेलवे ट्रैक से ट्रेनों की भी कम करने के लिए 5800 किमी तीन नया फ्रेट कॉरिडोर बनाएंगे तीन कॉरिडोर पर सर्वे का काम हो गया है। रेलवे बोर्ड के चेयरमै विनोद कुमार यादव ने उत्तर मध्य रेलवे में पत्रकारवार्ता में कहा कि खड़गपुर-विजयवाड़ा, पूर्व-पश्चि और उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर का शुरू हुआ है। फ्रेट कॉरिडोर के चुने गए तीनों रूटों पर यात्री ट्रेन मालगाड़ी का लोड आवश्यकता बहुत अधिक है। चेयरमैन ने कह 1950 से 2019 तक रेलवे ला की क्षमता दोगुना हुई है जबकि यात्रियों की संख्या व अन्य मांग गुना तक बढ़ चुकी है। ट्रैक मेन नहीं हो पाता। फ्रेट कॉरिडोर बन बाद ट्रेनें बढ़ेंगी, समय से चलेंगी पिछले पांच साल में ढांचे में व्याप बदलाव शुरू हुआ है। पांच साल पूरा ढांचा बदला मिलेगा। इस व ढांचागत सुधार के लिए बजट ती गुना बढ़ाया गया है।

## इलाहाबाद-लखनऊ श एक्सप्रेस चलाने का वाद

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कु यादव ने इलाहाबाद-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस चलाने की बा कही। उत्तर मध्य रेलवे में समी बैठक के बाद चेयरमैन ने कहा दोनों शहरों के बीच ट्रेन चलेगी लेकिन इसके पहले व्यवस्था में सुधार करना चाहते हैं।

## नाम बदलने का निर्ण गृह मंत्रालय के पास

इलाहाबाद जंक्शन का नाम प्रयागराज करने की प्रक्रिया प्र केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय वे ीच है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वे अनुसार दोनों के बीच नामकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद इलाह जंक्शन का नाम बदलेगा।

# यात्रियों को ट्रेन में मिलेगी हाट स्पॉट की सुविध

## सीआरबी ने कहा कि स्लीपर कोच के यात्रियों को भी मिलेगा इसका लाभ, डीएफसीसी के तीन नए मार्गों का हुआ चय

अमर उजाला ब्यूरो

प्रयागराज। रेलवे अब अपने मुसाफिरों को हाट स्पॉट की सुविधा देगा, इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) समेत सभी जोन की ट्रेनों में यात्री इस सहूलियत का लाभ उठा सकेंगे। प्रयागराज आए चेयरमैन रेलवे बोर्ड (सीआरबी) वीके यादव ने बताया कि हाट स्पॉट की सुविधा सिर्फ एसी ही नहीं, स्लीपर कोच में भी यात्रियों को दी जाएगी। इसके अलावा देश में डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कारपोरेशन (डीएफसीसी) के तीन और नए मार्ग बनेंगे। इस योजना में चार लाख करोड़ रुपये की लागत आएगी।

शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में एनसीआर और केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) की समीक्षा बैठक में शिरकत करने आए सीआरबी ने कहा कि अभी कुछ चुनिंदा विमानन कंपनियां अपने यात्रियों को हाट स्पॉट की सुविधा दे रही है। अब यही सुविधा ट्रेनों में भी यात्रियों को मिलेगी। ताकि चलती ट्रेन में लोग आसानी से इंटरनेट का प्रयोग कर सकें। इसके लिए रेलवे बोर्ड स्तर से बिडिंग की प्रक्रिया चल रही है। अभी हाट स्पॉट से वाई फाई की यह सुविधा वंदे भारत और लखनऊ तेजस के यात्रियों को ही मिल रही है।

जीएम एनसीआर राजीव चौधरी की मौजूदगी में संवाददाताओं से हुई बातचीत में सीआरबी ने कहा कि डीएफसीसी के तीन और नए रेल मार्ग का निर्माण होगा।



गप्पू भईया ब्रोशर का लोकार्पण करते सीआरबी वीके यादव महाप्रबंधक राजीव चौधरी और अन्य अधिकारी।

### लखनऊ शताब्दी के लिए मांगा गया है नया रैक

इलाहाबाद जंक्शन से लखनऊ के बीच शताब्दी ट्रेन के संचालन पर सीआरबी ने कहा कि रेल कोच फैक्टरी से शताब्दी शुरू करने के लिए नया रैक मांगा गया है। निश्चित ही इन दोनों महत्वपूर्ण शहरों के बीच शताब्दी का संचालन शुरू होगा। दोहरीकरण और विद्युतीकरण के बाद इस रूट पर शताब्दी एक्सप्रेस का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### शहर के स्टेशनों को एनसीआर में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

प्रयागराज। प्रयागराज शहर में स्थित इलाहाबाद सिटी, दारागंज, झूंसी, प्रयाग जंक्शन, प्रयागघाट, फाफामऊ रेलवे स्टेशन का उत्तर मध्य रेलवे में विलय करने की प्रक्रिया रेलवे बोर्ड स्तर से शुरू हो गई है। सीआरबी वीके यादव ने बताया कि इस संबंध में उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर), पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) एवं उत्तर रेलवे (एनआर) से पत्राचार भी किया गया है।

### खत्म होगा वेटिंग लिस्ट का झंझट, बढ़ेगी 150 यात्री ट्रेनें

सीआरबी ने एनसीआर मुख्यालय में हुई प्रेसवार्ता में बताया कि ट्रेनों से वेटिंग लिस्ट खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। दिल्ली-हावड़ा रूट पर डीएफसीसी का काम पूरा होने के बाद इस मार्ग पर चलने वाली मालगाड़ियां डीएफसीसी रूट पर शिफ्ट कर दी जाएगी। इसके बाद इस रूट पर यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह संख्या 150 तक भी हो सकती है।

**चार वर्ष में तैयार हो जाएगी दीवार, 160 होगी स्पीड:** देश के दो प्रमुख रूट दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 अगले चार वर्ष में हो जाएगी। इसके लिए इन दोनों महत्वपूर्ण मार्गों पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के दोनों ओर दीवार का निर्माण होगा। सीआरबी के मुताबिक दीवार बनाने का काम शीघ्र शुरू होगा। चार वर्ष में दीवार तैयार हो जाएगी।

### किसी भी ट्रेन का नहीं होगा निजीकरण

सीआरबी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि देश में वर्तमान समय चल रही किसी भी ट्रेन का निजीकरण नहीं होगा। पिछले कुछ दिनों से लखनऊ तेजस एक्सप्रेस के संचाल के बाद चर्चा चल रही थी कि वंदे भारत, प्रयागराज एक्सप्रेस, शताब्दी, राजधानी आदि प्रीमियम ट्रेनों को भी रेलवे निजी हाथों में देगा। फिलहाल सीआरबी ने इन च पर विराम लगाते हुए कहा कि जो ट्रेनें वर्तमान समय च रही है उनका निजीकरण नहीं किया जाएगा।

### अगले तीन वर्ष में सौ फीसदी विद्युतीक

प्रयागराज। अगले तीन वर्ष भारत विश्व का पहला ऐस देश हो जाएगा जहां ब्रांड गेज के सभी रेलमार्ग का पूर्ण से विद्युतीकरण हो जाएगा। यह बातें शनिवार को सीआ वीके यादव ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कहीं। बैठक में उन्होंने एनसीआर अप द्वारा टूंडला में कराई गई नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य कर पीठ भी ठोंकी। एनसीआर मुख्यालय में सीआरबी ने ज जागरूकता के लिए बनाए गए 'गप्पू भइया' नाम के एनीमेशन वीडियो स्पॉट को भी लांच किया गया। एनस मुख्यालय के बाद केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (क मुख्यालय में भी सीआरबी ने समीक्षा बैठक की। इस द कोर महाप्रबंधक यशपाल ने कोर द्वारा किए जा रहे क का ब्यौरा सीआरबी के समक्ष रखा।